केआर मंगलम के पत्रकारिता विभाग के छात्रों को द हिन्दू में मिली इंटर्नशिप

सवेरा न्यूज

स्नेहा श्रीवास्तव

हिमांशु कुमार

निशांत कालरा

नई दिल्ली, 29 जून : गुरुग्राम सोहना रोड स्थित केआर मंगलम विश्वविद्यालय के जनसंचार एवं पत्रकारिता विभाग के छात्रों ने एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। विभाग के बीएजेएमसी द्वितीय वर्ष से हिमांशु शर्मा, स्नेहा श्रीवास्तव एवं तृतीय वर्ष से निशांत कालरा ने देश के प्रतिष्ठित अंग्रेजी दैनिक समाचार पत्र द हिन्दू में ग्रीष्मकालीन इंटर्नशिप की उपलब्धि हासिल कर विभाग का नाम रोशन किया। इस इंटर्नशिप कार्यक्रम के तहत चयनित छात्रों को समाचार पत्र में कंटैंट राइटर और एडिटर के पदों पर काम करने का मौका मिलेगा। ये अवसर छात्रों को व्यावहारिक अनुभव प्राप्त करने और अपने कौशल को निखारने में मदद करेगा। विश्वविद्यालय के कुलपति ने कहा कि यह विश्वविद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता और छात्रों की प्रतिभा का प्रमाण है। इस इंटर्नशिप कार्यक्रम के दौरान छात्रों को समाचार लेखन, संपादन, और डिजिटल मीडिया के क्षेत्र में काम करने का अवसर मिलेगा। विश्वविद्यालय प्रशासन ने उम्मीद जताई है कि इस उपलब्धि से अन्य छात्रों को भी प्रेरणा मिलेगी और वे भी अपने क्षेत्र में उत्कृष्टता हासिल करने के लिए प्रयास करेंगे। विश्वविद्यालय के जनसंचार एवं पत्रकारिता विभाग के प्लेसमैंट अधिकारी ने छात्रों को बधाई दी। द हिन्दू जैसे प्रतिष्ठित समाचार पत्र में इंटर्नशिप पाना किसी भी पत्रकारिता छात्र के लिए एक बड़ी उपलब्धि मानी जाती है।

ढ़ती
रत में

2025 तक भारत की डाटा सैंटर क्षमता होगी दोगुनी, सॉवरेन क्लाउड इंफ्रा जरूरी : विशेषज्ञ